माननीय राज्यपाल श्री सी०पी० राधाकृष्णन ने आज राज भवन में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर-2024 में भाग लेने वाले झारखंड राज्य के कुल 37 एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कैडेटों से संवाद करते हुए कहा कि हमारे इन कैडेटों ने प्रतिनिधित्व कर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि वे अधिकारीगण भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने एनसीसी कैडेटों को इसके लिए अथक परिश्रम किया।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि एनसीसी अपनी विविध गतिविधियों के माध्यम से हमारे देश के युवाओं को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। एनसीसी रक्तदान, साक्षरता, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसी सामाजिक सेवा गतिविधियों की दिशा में भी सक्रिय रहता है। एनसीसी युवाओं के लिए अपने व्यक्तित्व को विकसित करने और देश की प्रगति में योगदान देने का एक उत्कृष्ट संगठन है। यह उनमें अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना पैदा करता है, जो किसी भी नागरिक के लिए आवश्यक गुण हैं। उन्होंने कहा कि एक अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि वे भी एनसीसी से जुड़े थे। अपनी स्थापना काल से ही, एनसीसी हमारे युवाओं के चरित्र निर्माण और उनमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। एनसीसी से जुडने के बाद कई युवाओं के जीवन में परिवर्तन देखा जा सकता है, जिनके पास पूर्व में अनुशासित जीवन की कमी थी, लेकिन वे इस संगठन से जुडने के बाद अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बन गए।

समारोह में मेजर जनरल ए०एस० बजाज, एडीजी, बिहार और झारखंड निदेशालय और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।